प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज कम मूल्य वाले भीम–यूपीआई लेनदेन के लिए प्रोत्साहन योजना और संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को दी मंजूरी : प्रदेश के व्यापारियों और पशुपालकों ने जताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार।
2. यूपी एटीएस ने आज पाकिस्तानी एजेंट को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में कानपुर आर्डिनेंस फैक्ट्री के जूनियर वर्क्स मैनेजर को किया गिरफ्तार।
3. यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से हुआ शुरू : परीक्षा का परिणाम अप्रैल माह के अंत तक आने की उम्मीद।

और

4. लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जायेंगे आईपीएल के सात मैच : सुरक्षा, स्वास्थ्य और ट्रैफिक मैनेजमेंट के होंगे खास इंतजाम।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों को सहमति प्रदान की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने कम मूल्य वाले भीम–यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए आज एक

प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों को दो हजार रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर शून्य दशमलव एक–पांच प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। बाइट.....

*जो स्मॉल मर्चेंट के पेमेंट्स होंगे अपटूथाउजेंडस रुपीस उसमें कोई ट्रांजेक्शन की कॉस्ट नहीं लगेगी और उनको इंसेंटिव दिया जाएगा। ट्रांजेक्शन की कॉस्ट तो उसके ऊपर भी नहीं लगेगी। इंसेंटिव दिया जाएगा। फॉर दी स्मॉलर ट्रांजेक्शन स्मॉलर मर्चेंट और उसमें जो रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की जो स्टैंडर्ड डेफिनिशंस है, वो सारी की सारी एप्लीकेबल होगी, तो यह एक बड़ा फैसला लिया गया है और इसमें रीइंबर्समेंट की टाइमिंग वगैरह बहुत क्लियरली डिफाइन की गयी है जिससे की स्मॉल मर्चेंट को अपने कैश फ्लो में कोई दिक्कत नहीं हो।*

श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2024–25 और 2025–26 के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के कार्यान्वयन को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इस योजना से दुग्ध उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि होगी। बाइट.....

*राष्ट्रीय गोकुल मिशन तीन हज़ार चार सौ करोड़ का इसमें बेसिकली कैसे कैटल की मिल्क प्रोडक्शन की प्रोडक्टिविटी बढ़ाए, उसके ऊपर काम किया गया है। इसमें आर्टिफिशियल इंसेमिनेशन और इन विट्रो फर्टिलाइजेशन इन दोनों पे काम करना है। इसमें कई कंपोनेंट्स हैं, किस तरह से कैटल की जो प्रोडक्टिविटी है उसमें उनके जेनेटिक पॉइंट ऑफव्यू से, क्रास ब्रीडिंग के पॉइंट ऑफव्यू से, कई तरीके से बहुत साइंटिफिक है यह सारे के सारे और इसमें टेक्नोलॉजी का भी बहुत बड़ा उपयोग है।*

केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों का पशुपालकों ने स्वागत किया है। जौनपुर के पशुपालक राजेश ने कहा कि सरकार का यह फैसला पशुपालकों के लिए लाभप्रद है। बाइट.....

*इस योजना से देश में पशुधन का विकास होगा, किसानों की समृद्धि होगी, राष्ट्रीय आय में वृद्धि होगी और देशी नस्ल के पशुओं के विकास, संरक्षण और उसपर वैज्ञानिक प्रयोग करने की दृष्टि से भी यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है और देश का पशुपालक इससे सुखी और समृद्ध होगा।*

लखनऊ की व्यापारी ज्योति सिंह अग्रवाल ने यूपीआई लेनदेन को लेकर किए गए सरकार के निर्णय को छोटे व्यापारियों के हित में बताया है। बाइट....

*सरकार के इस फैसले से छोटे व्यापारियों को जहाँ ऑनलाइन पेमेंट लेने से लाभ होगा, वहीं उनकी आमदनी भी बढ़ेगी और इस फैसले से मुझे उम्मीद है कि ठेले खेमचे और स्ट्रीट फूड वालों को वहीं बहुत फायदा होगा और मैं सरकार के इस फैसले का स्वागत करती हूँ।*

इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम के नामरूप के मौजूदा परिसर में एक नया ब्राउन फील्ड अमोनिया– यूरिया कॉम्प्लेक्स उर्वरक संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के लालबहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरा उन्होंने विभिन्न विभागों और परियोजनाओं की प्रगति की भी जानकारी ली। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ ए, बी और सी कैटेगरीज के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग की*

*जानी चाहिए। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जनपद स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट मेंजो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद महीने में एक बार मंत्री स्तरपर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

————————

**अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के धरती पर वापस आने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत की बेटी सुनीता विलियम्स की उपलब्धि मानवीय भावना, साहस और प्रतिबद्धता का ज्वलंत प्रमाण है।**

————————

**प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने आज ग्रेटर नोएडा के मथुरापुर में 1 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित हाईटेक परिषदीय विद्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य परिषदीय स्कूलों में आधुनिक और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देकर बच्चों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है।**

————————

**पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिये जासूसी के आरोप में यूपी एटीएस ने आज कानपुर आर्डिनेंस फैक्टी के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। एटीएस के अनुसार आरोपी**

कर्मचारी फिरोजाबाद आर्डिनेंस फैक्टी से बीते दिनों गिरफ्तार किए गए रविंद्र कुमार के संपर्क में था। आरोपी कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्टी में प्रतिदिन होने वाले उत्पादन, अटेंडेंस, वहां उपलब्ध मशीनों के विवरण समेत कई अहम जानकारी पाकिस्तान में बैठी हैंडलर नेहा शर्मा को दे रहा था।

————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कल लखनऊ में हुई कृषि विभाग की बैठक में जायद सीजन की 9 फसलों को फसल बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड– केसीसी के दायरे में लाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कृषि मंत्री ने कहा कि मूंगफली, मक्का, मूंग, उड़द, पपीता, लीची, तरबूज, खरबूज समेत आंवला को भी बीमा

के दायरे में लाने से किसानों की फसलों को खराब मौसम व अन्य संभावित नुकसान से बचाया जा सकता है।

————————

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से शुरू हो गया है। कड़ी सुरक्षा के बीच प्रदेश के 261 केंद्रों पर यह मूल्यांकन किया जा रहा है । पेश है एक रिपोर्ट.....

*यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की करीब 3 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 15 दिनों में किया जाएगा। इस दौरान बोर्ड मुख्यालय से मूल्यांकन केंद्रों की लाइव निगरानी की जाएगी। सभी मूल्यांकन केंद्रों पर वॉयस रिकॉर्डर के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और किसीभी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध है। कॉपी जांचने का काम करीब 1 लाख 35 हज़ार शिक्षकों के ज़िम्मे है जो दो अप्रैल तक इसे पूरा करेंगे। इस बार दसवी में करीब 25 लाख 56 हज़ार और बारहवीं में लगभग 25 लाख 77 हज़ार परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा का परिणाम अप्रैल महीने के अंत तक आने की उम्मीद है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

————————

जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। नवोदय पैटर्न पर संचालित ये विद्यालय सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हैं, जहां कक्षा छह, सात, आठ, नौ और 11 में रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा के जरिए चयन होगा। आवेदन 22 मार्च तक किए जा सकेंगे। इसके लिए प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को होगी। 31मार्च को सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी जाएगी। कक्षा 11 में प्रवेश के लिए कोई परीक्षा

नहीं होगी, बल्कि दसवीं के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट लिस्ट बनेगी। प्रदेश के 94 राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में भी यही प्रक्रिया लागू होगी।

————————

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में आगामी 01, 04, 12, 14 , 22 अप्रैल एवं 9 मई और 18 मई को इंडियन प्रीमियम लीग के 07 मैंच प्रस्तावित हैं। इसी क्रम में आज लखनऊ के जिलाधिकारी श्री विशाखजी0 ने बैठक कर स्टेडियम में सुरक्षा मानकों का पालन करने, सुव्यवस्थित आयोजन के साथ ही टिकट बुकिंग, क्राउड मैनेजमेंट, यातायात, चिकित्सा आदि को लेकर भी निर्देश दिए।

————————

मौसम विभाग ने कल और 21 मार्च के लिए प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई जगहों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

(समाप्त)